# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

मार्च 2010 (अंक 198) | March 2010 (Issue 198)





श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार 24 फरवरी 2010 को चंडीगढ़ में हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा सरकार के अल्प बचत निदेशालय के फिल्ड अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए। साथ ही (बायें से दायें) श्री राजीव सागर एवं श्री एम.के. मलहोत्रा क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ केन्द्र, मिस. कुसुम आई.आर.एस., निदेशक अल्प बचत, हरियाणा सरकार भी दिखाई दे रही है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश सरकार के अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगड केन्द्र ने 24 फरवरी 2010 को चंडीगढ़ में हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा सरकार के अल्प बचत निदेशालय के फिल्ड अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएन्टेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उनके उत्पाद का ज्ञान और विपणन क्षमता का अद्यतन करना था जिससे कि वे अपने राज्य के लिए अधिक धन राशि एकत्रित कर सके।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान ने किया। अपने उद्घाटन संबोधन में श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने कहा कि संगठन तथा व्यक्तिगत विकास के लिए मानव संसाधन को प्रशिक्षण देना बहुत महत्वपूर्ण है। साथ ही अधिकारियों से अपिल की कि वे स्वयं सहायता समूह के सहयोग से ग्रामिण भागों के लोगों के बीच अल्प बचत को पहुँचाए। मिस. कुसुम, आई.आर.एस., निदेशक ने अपने संबोधन में राज्य सरकार के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने पर राष्ट्रीय बचत संस्थान के प्रयासों की सराहना की और आशा व्यक्त की कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से अधिकारियों को अपने राज्य में अधिक बचत एकत्रित करने में सहायता मिलेगी। श्री एम.के. मलहोत्रा, श्री राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक और राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगड केन्द्र के अन्य अधिकारियों ने विभिन्न अल्प बचत विषयों पर प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 अधिकारियों ने भाग लिया।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



श्री टी. दासरी, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान, चेन्नई 9 फरवरी 2010 को कांचिपुरम में राष्ट्रीय बचत संस्थान, चेन्नई केन्द्र द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान भाग ले रही स्वयं सहायत समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए। साथ ही (बाए से दाये) श्रीमती पद्मीनी व्यक्तिगत सहायक (अल्पबचत) जिलाधिकारी कांचीपुरम, श्री एन सुन्दरम, सहायक निदेशक (सेवा निवृत्त) राष्ट्रीय बचत संस्थान और अल्प बचत अधिकारी कांचीपुरम भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र चेन्नई द्वारा स्वयं सहायता समूह के लिए कांचीपुरम में कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र चेन्नई ने 9 फरवरी 2010 को कांचीपुरम में प्रोजेक्ट अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक महालिरधिथ्म तामिलनाडु निगम महिला विकास के सहयोग से स्वयं सहायता समूह के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामिण भागों में अल्प बचत खाता खुलवाने के लिए स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को सम्मिलित करना था।

श्री टी. दासरी क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान ने ग्रामिण भागों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए स्वयं सहायता समूह के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री आर. रविन्द्रम संयुक्त निदेशक, महालिरथिलम, कांचीपुरम, कुमारी पद्मीनी, जिला अधिकारी कांचीपुरम कि व्यक्ति सहायक एवं अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों ने अल्प बचत योजनाओं के बारे में और बचत अभियान को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से ग्रामिण क्षेत्रों में राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा चलाई गई गतिविधियों की जानकारी दी। इस कार्यशाला में कांचीपुरम जिले के 13 ब्लाक से 100 से अधिक स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया।



राष्ट्रीय बचत संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, चेन्नई द्वारा कांचीपुरम में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग ले रही स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्या दिखाई दे रही है।




श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने 4 मार्च 2010 को नागपुर में राष्ट्रीय बचत संस्थान मुख्यालय द्वारा अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित हिन्दी कार्यशाला का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करते हुए। साथ ही श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, श्री डी.के. घाटे, क्षेत्रीय निदेशक तथा श्री जे.पी. सिंह हिन्दी अधिकारी, राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय) भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने 4 मार्च 2010 को नागपुर मुख्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया। इस हिन्दी कार्यशाला का उद्देश्य दैनंदिनी कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए कर्मियों को प्रोत्साहित करना था। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने इस कार्यशाला का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दैनंदिनी कार्यालयीन कार्यों में अधिक से अधिक हिन्दी का प्रयोग किया जाए क्योंकि हिन्दी में काम करना आसान है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला के माध्यम से कर्मियों में हिन्दी में काम करने में आ रही झिझक को दूर किया जा सकेगा।

श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी राजभाषा ने कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और कर्मियों से अपिल की कि वे भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति करे। इस कार्यशाला में श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, श्री आर.एन. शर्मा, सहायक निदेशक, राजभाषा आई.बी.एम., श्री रविन्द्र मिश्रा, दूरदर्शन, श्री सोमपाल सिंह, प्राध्यापक, हिन्दी शिक्षण योजना और श्रीमती डी.एम. कालवीट, सहायक लेखाधिकारी, वेतन लेखा अधिकारी कार्यालय रिसोर्स परसन्स थे। श्री जे.पी. सिंह, हिन्दी अधिकारी ने कार्यशाला का समन्वयन किया। इस कार्यशाला में कुल 20 कर्मियों ने भाग लिया।



श्री बी. राजुबाबु, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर केन्द्र, ग्रामिण बचत अभियान के अवसर पर राष्ट्रीय बचत संस्थान, बैंगलोर केन्द्र द्वारा गीत एवं ड्रामा विभाग, भारत सरकार बैंगलोर और नेहरू युवा केन्द्र के समन्वय से 22 फरवरी 2010 को कर्नाटक राज्य के कोलार जिले के हुलदेनहल्ली ग्राम में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही (बाये से दाये) श्री एस. देवाश्याम एन.वाई.के. जिला समन्वयक कोलार, श्री एन. एकंटप्पा, ग्राम विशिष्ट व्यक्ति, श्रीमती पर्वतम्मा, अध्यक्ष, हुलेंदनहल्ली ग्राम पंचायत भी दिखाई दे रहे।

# अप्रैल से जनवरी 2010 के लिए अल्प बचत संग्रहण

(करोड रुपये)

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जनवरी 2009 तक | | जनवरी 2010 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 8191.14 | -773.24 | 12501.80 | 1406.28 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 76.48 | 14.55 | 128.49 | 45.72 |
| 3. | असम | 1416.03 | -330.26 | 2130.54 | 140.16 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 23.57 | 4.89 | 35.63 | 14.84 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 293.60 | -362.14 | 451.70 | 105.71 |
| 6. | बिहार | 4998.13 | 820.64 | 6805.11 | 1628.21 |
| 7. | झारखंड | 1911.62 | 99.16 | 3257.93 | 926.35 |
| 8. | चंडीगढ | 351.34 | -114.18 | 570.03 | 82.20 |
| 9. | दमण एवं दीव | 346.94 | -45.28 | 511.49 | 129.06 |
| 10. | दिल्ली | 3742.99 | -1592.70 | 7039.15 | 1178.53 |
| 11. | गोवा | 323.47 | -28.01 | 549.97 | 118.20 |
| 12. | गुजरात | 10771.34 | -1153.93 | 15524.12 | 2914.79 |
| 13. | हरियाणा | 3625.57 | -536.71 | 4930.01 | 842.31 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 1943.47 | 76.52 | 2515.31 | 399.07 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 1139.07 | -52.54 | 1334.74 | 141.31 |
| 16. | कर्नाटक | 4341.13 | -1086.91 | 6801.39 | 367.44 |
| 17. | केरल | 3737.36 | -776.08 | 4991.95 | -256.38 |
| 18. | लक्षद्वीप | 1.81 | 0.07 | 2.81 | 0.37 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 3515.70 | -461.33 | 5113.80 | -3943.40 |
| 20. | छत्तीसगढ | 1178.61 | -138.17 | 1971.07 | 214.80 |
| 21. | महाराष्ट्र | 10294.41 | -752.07 | 16445.77 | 2471.96 |
| 22. | मणिपुर | 66.42 | -17.41 | 91.81 | -10.24 |
| 23. | मेघालय | 132.36 | 11.65 | 195.54 | 41.02 |
| 24. | मिझोरम | 65.25 | -8.95 | 92.22 | 13.35 |
| 25. | नागालैंड | 27.46 | -2.59 | 39.19 | 4.70 |
| 26. | उडीसा | 2219.82 | 104.10 | 3207.12 | 786.78 |
| 27. | पुदुचेरी | 80.26 | -26.32 | 161.52 | 31.02 |
| 28. | पंजाब | 6173.49 | -741.25 | 8178.27 | 1299.77 |
| 29. | राजस्थान | 6688.06 | -1660.95 | 10034.84 | -905.56 |
| 30. | सिक्कीम | 41.22 | -8.62 | 72.97 | -0.43 |
| 31. | तमिलनाडू | 6720.47 | -1131.19 | 9591.02 | 594.90 |
| 32. | त्रिपूरा | 356.92 | -24.47 | 544.56 | 89.96 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 12869.70 | 324.65 | 17250.69 | 3978.10 |
| 34. | उत्तरांचल | 1895.58 | 123.47 | 2733.83 | 680.46 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 14589.15 | 580.33 | 23484.90 | 6622.86 |
| | कुल | **114149.93** | **-9665.29** | **169291.28** | **22154.24** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR